दिन– शनिवार दिनांक– 14 / 02 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा – भारत दो दशक से भी कम समय में विश्व की ग्यारहवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर।

02. शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने कहा – महिलाकर्मियों को शिशु देखभाल अवकाश के मामले में एसओपी तैयार। पन्द्रह दिन में होगा अंतिम फैसला।

03. केन्द्र सरकार ने पंचायती राज संस्थाओं के लिए आठ सौ तीन करोड़ उनासी लाख रूपये से अधिक की राशि जारी की।

04. और, जमुई में आज से राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन। विभिन्न जिलों से एक सौ उनासी पहलवान होंगे शामिल।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि कई वैश्विक चुनौतियों और रूकावटों के बावजूद यह दशक भारत के लिए अभूतपूर्व विकास, प्रभावी निष्पादन और लोकतंत्र को सशक्त करने वाला रहा है। श्री मोदी ने नई दिल्ली में कल शाम आयोजित ईटी नाउ ग्लोबल बिजनेस समिट को संबोधित करते हुए कहा कि इक्कीसवीं सदी के इस दशक में भारत रिफॉर्म एक्सप्रेस पर सवार है। उन्होंने बताया कि पिछले दशक की शुरुआत में भारत विश्व की ग्यारहवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था था, और आज देश तेज़ी से आगे बढ़ते हुए दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में अग्रसर है।

–––बाईट–––

---

शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने कहा है कि प्रदेश में महिलाकर्मियों को सात सौ तीस दिनों तक शिशु देखभाल अवकाश के मामले में पन्द्रह दिन में अंतिम फैसला हो जायेगा। श्री कुमार ने विधान परिषद में कहा कि इस संबंध में मानक संचालन प्रक्रिया तैयार कर ली गयी है। जल्द ही इसका लाभ महिलाकर्मियों को मिलने लगेगा।

–––बाइट–––

इधर, विधानसभा में जदयू के मंजीत कुमार सिंह के एक सवाल के जवाब में स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि अब एएनएम और जीएनएम की परीक्षा नियमित रूप से होगी।

–––बाइट–––

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि पूर्णिया मेडिकल कॉलेज अस्पताल में तीन महीने के अंदर आई बैंक की स्थापना कर ली जाएगी।

---

जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा है कि राज्य में विलुप्त हो रही दो सौ साठ नदियों को पुनर्जीवित किया जायेगा। उन्होंने विधान परिषद में कहा कि विलुप्त हो रही इन नदियों को पुनर्जीवित करने के लिए सरकार कार्य योजना बनायेगी। श्री चौधरी ने कहा कि विभाग की ओर से नदियों की गणना करायी जा रही है। इसके तहत जीआईएस सर्वे में छह सौ नदियों का पता चला है, जिनमें से तीन सौ चालीस अभी ज्ञात हैं। मंत्री ने कहा कि सरकार ने गाद के कारण मर रही नदियों के लिए नीति बनायी है। गाद प्रबंधन के लिए जल संसाधन और खनन विभाग मिलकर काम कर रहा है।

---

उपमुख्यमंत्री सह राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि अगले एक साल में सोलह हजार पांच सौ चौरासी पदों पर बहाली होगी। उन्होंने विधानसभा में बजट अनुदान मांगों पर सरकार का पक्ष रखते हुये कहा कि इनमें आठ हजार इक्यावन राजस्व कर्मियों और सात सौ पैंसठ अमीन के पद भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि बहाली के संबंध में अधियाचना आयोगों को भेज दी गयी है।

---

योजना और विकास मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव ने कहा है कि सरकार सांख्यिकी स्वयंसेवकों के समायोजन पर विचार करेगी। उन्होंने विधानसभा में कहा कि इसके लिए सरकार नीतिगत फैसला लेगी।

---

परिवहन विभाग ने यातायात नियमों के उल्लंघन के मामले में पिछले दो महीनों में एक लाख अड़तालीस हजार से अधिक चालान काटे हैं। इसकी कुल राशि नब्बे करोड़ रुपये से अधिक है। पटना में संवाददाताओं से बातचीत में परिवहन मंत्री श्रवण कुमार ने बताया कि सबसे अधिक चालान कैमूर जिले में काटे गए। उन्होंने बताया कि रियल टाईम चालान के लिए आने वाले दिनों में एक सौ तीस स्थानों पर कैमरे लगाए जायेंगे। श्री कुमार ने कहा कि चालान जारी करने का उद्देश्य सड़क सुरक्षा को मजबूत करना और दुर्घटनाओं को कम करना है।

---

केन्द्र सरकार ने पंचायती राज संस्थाओं के लिए आठ सौ दो करोड़ रूपये से अधिक की राशि जारी कर दी है। यह राशि पन्द्रहवें वित्त आयोग की दूसरी किस्त के रूप में प्राप्त हुई है। इसके अलावा केन्द्र की ओर से तीन प्रखंड समितियों और सात ग्राम पंचायतों के लिए पहली किस्त के रोके गये हिस्से के एक करोड़ उनतालीस लाख रूपये भी प्राप्त हुये हैं। इस प्रकार केन्द्र से कुल आठ सौ तीन करोड़ उनासी लाख रूपये की राशि जारी हुई है।

---

राज्य सरकार ने पूर्वी क्षेत्रीय परिषद के लिए उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी को सदस्य के रूप में नामित किया है। गृह विभाग की विशेष शाखा ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। सरकार ने मुख्य सचिव और गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव को पर्षद के लिए सलाहकार मनोनीत किया है।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज राजगीर में मलमास मेले की तैयारियों की समीक्षा करेंगे। श्री कुमार इस दौरान गंगा जी राजगीर जलाशय, रोप–वे, ब्रह्मकुंड परिसर सहित अन्य पर्यटक स्थलों के सौंदर्यीकरण कार्यों का निरीक्षण करेंगे। उनके साथ अधिकारियों की टीम पर रहेगी। यह मेला मई महीने में आयोजित किया जायेगा।

---

केन्द्र सरकार ने अतिरिक्त पांच लाख मीट्रिक टन गेहूं उत्पादों के साथ पच्चीस लाख मीट्रिक टन गेहूं निर्यात करने की मंजूरी दी है। यह स्वीकृति घरेलू बाजारों को स्थिर करने तथा उत्पादकों के लिए लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करने के उद्‌देश से दी गयी है। उपभोक्ता कार्य, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने कहा कि वर्तमान उपलब्धता और मूल्य परिदृश्य का व्यापक आकलन करने के बाद यह निर्णय लिया गया है। पच्चीस लाख मीट्रिक टन गेहूं और पांच लाख मीट्रिक टन गेहूं उत्पादों के निर्यात से घरेलू कीमतों में स्थिरता आएगी, बाजार में तरलता बढ़ेगी, कुशल स्टॉक रोटेशन सुनिश्चित होगा और किसानों की आय में वृद्धि होगी।

---

सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डॉक्टर एल. मुरुगन ने फर्जी खबरों और गलत सूचनाओं को सामाजिक बुराई बताया है। उन्होंने नई दिल्ली में मीडिया कर्मियों के लिए कर्मयोग इन एक्शन राष्ट्रीय मीडिया अभियान कार्यक्रम का शुभारंभ किया। श्री मुरुगन ने फर्जी खबरों पर नियंत्रण रखने और किसी भी समाचार को आगे बढ़ाने से पहले उसकी पुष्टि करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि लोग प्रामाणिक खबरों के

लिए आकाशवाणी और दूरदर्शन पर भरोसा करते हैं। इधर, विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार ने कहा है कि दूरदराज और ग्रामीण क्षेत्रों मे रेडियो सबसे सुलभ और विश्वसनीय संचार माध्यम बना हुआ है। उन्होंने कहा कि सूचना और मनोरंजन के क्षेत्र में रेडियो की भूमिका आज भी अग्रणी है।

---

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की मैट्रिक की वार्षिक परीक्षा सत्रह फरवरी से शुरू हो रही है जो पच्चीस फरवरी तक चलेगी। बिहार बोर्ड के निर्देश के अनुसार परीक्षार्थी जूता–मोजा पहनकर परीक्षा केन्द्र पर नहीं आयेंगे। उन्हें निर्धारित समय से एक घंटा पहले केन्द्र में प्रवेश करना होगा। परीक्षा शुरू होने के आधा घंटे पहले केन्द्र का मुख्य दरबाजा बंद कर दिया जायेगा। उसके बाद किसी भी परिस्थिति में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। इधर, इंटर की परीक्षा कल समाप्त हो गयी। इंटर की पुस्तिकाओं का मूल्यांकन सत्ताईस फरवरी से होगा।

---

पटना की एमपीएमएलए अदालत ने पूर्णिया के सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव को दो मामलों में जमानत दे दी है। विशेष अदालत के न्यायाधीश प्रवीण कुमार मालवीय ने जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुये यह आदेश दिया है। जमानत मिलने के बाद पप्पू यादव बेऊर जेल से रिहा हो गये हैं। श्री यादव को इससे पूर्व एक अन्य मामले में जमानत मिल चुकी है।

---

पूर्व आईपीएस अधिकारी अमिताभ दास को पटना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। अमिताभ दास पर पटना में नीट छात्रा की संदिग्ध मौत मामले में सोशल मीडिया पर भ्रामक खबरें फैलाने का आरोप है।

---

गया जिले के राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज खेल मैदान में आज नियोजन–सह–व्यावसायिक मार्गदर्शन मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस पहल के माध्यम से निजी क्षेत्र के तकनीकी और गैर–तकनीकी क्षेत्रों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

---

पटना जिले के पटना सिटी में डाक विभाग डाक चौपाल सह महामेला का आयोजन कर रहा है। इस मेले में पटना साहिब मंडल के सभी अधिकारी और कर्मी ग्राहकों की समस्याओं का समाधान करेंगे।

---

अररिया जिले में राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आज जिला स्तरीय मिनी मैराथन और खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

---

कटिहार के कोढ़ा थाना क्षेत्र अन्तर्गत मूसापुर चौक के पास छापेमारी कर पुलिस ने एक अपराधी को हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है।

---

मुंगेर जिले के बरीयारपुर–खड़गपुर सड़क पर टेम्पों की टक्कर से एक महिला की मौत हो गयी।

---

आकाशवाणी का समाचार सेवा प्रभाग प्रकृति की बात–आकाशवाणी के साथ नाम से एक श्रृंखला शुरु कर रहा है। आज इस कार्यक्रम की पहली कड़ी में पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव के साथ चर्चा का प्रसारण होगा। कार्यक्रम आज शाम आकाशवाणी गोल्ड पर पांच बजकर दस मिनट पर प्रसारित होगा। आप इसे हमारे ऐप न्यूज ऑन एआईआर और हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज़ ऑन एआईआर ऑफिशियल पर भी सुन सकते हैं।

---

अब खेल की खबरें...

पटना के ऊर्जा स्टेडियम में सम्पन्न दिव्यांग चैलेंजर ट्रॉफी क्रिकेट प्रतियोगिता का खिताब मध्य प्रदेश ने जीत लिया है। फाईनल मुकाबले में मध्य प्रदेश की टीम ने जम्मू–कश्मीर को दो विकेट से हरा दिया। बिहार की टीम प्रतियोगिता में तीसरे स्थान पर रही है।

जमुई के एस.के. सिंह मेमोरियल स्टेडियम में आज से कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रविन्द्रण शंकरण ने बताया कि प्रतियोगिता में राज्य के विभिन्न जिलों से एक सौ उनासी पहलवान भाग लेंगे।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अगल–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने नई दिल्ली में सेवा तीर्थ के शुभारंभ से जुड़ी खबर पर लिखा है– सेवा तीर्थ देश की सत्ता का नया शक्ति केन्द्र बना।

दैनिक जागरण ने उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा के हवाले से लिखा है– जन संवाद व सख्ती से घटे भूमि विवाद के मामले।

दैनिक भास्कर बंग्लादेश के चुनाव परिणाम पर लिखता है– पैंतीस साल बेगम राज के बाद अब प्रिंस रहमान होंगे पीएम।

प्रभात खबर की सुर्खी है– महिला शिक्षकों को गृह जिले में घर के पास पोस्टिंग, शिशु की देखभाल पर फैसला पन्द्रह दिनों में।

आज अखबार लिखता है– दो सौ तेरह डिग्री कॉलेजों में आट्‌र्स से शुरू होगी पढ़ाई।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा – भारत दो दशक से भी कम समय में विश्व की ग्यारहवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर।

02. शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने कहा – महिलाकर्मियों को शिशु देखभाल अवकाश के मामले में एसओपी तैयार। पन्द्रह दिन में होगा अंतिम फैसला।

03. केन्द्र सरकार ने पंचायती राज संस्थाओं के लिए आठ सौ तीन करोड़ उनासी लाख रूपये से अधिक की राशि जारी की।

04. और, जमुई में आज से राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन। विभिन्न जिलों से एक सौ उनासी पहलवान होंगे शामिल।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।